# कलेक्टर-एसपी ने राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का फीडबैक लिया

**बीकानेर,** (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के शनिवार के बीकानेर दौरे तथा राज्य स्तरीय स्वतंत्रता समारोह की तैयारियों की पूर्व समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर निशान्त जैन एवं पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने ली।



राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बीकानेर कलेक्टर निशांत जैन व एस.पी. मृदुल कच्छावा ने अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- **राज्यपाल बागड़े शनिवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के 40 वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे**
- **स्वतंत्रता दिवस समारोह के कमेटियों का गठन**

जिला कलेक्टर ने बताया कि राज्यपाल बागडे, शनिवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के 40 वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे। इसके लिए विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व दिए गए हैं। सभी अधिकारी इनकी अक्षरशः पालना करें तथा आपसी समन्वय से सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडपम् में प्रवेश, निकास, बैठक, प्रस्तावित मिनट-टू-मिनट, सुरक्षा, यातायात सहित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वतंतत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर होने वाले एट होम, सांस्कृतिक समारोह के अलावा 15 अगस्त के मुख्य समारोह की अब तक की तैयारियों के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के विभिन्न आयोजनों के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन करते हुए प्रभारी और सहायक प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। सभी आपसी समन्वय और पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। इसमें किसी स्तर पर कोताही नहीं हो।

जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्य समारोह में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें। अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुसार देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो। इसके मद्देनजर सांस्कृतिक समारोह की पूर्व तैयारियों से जुड़ी अब तक की तैयारियों के बारे में जाना। मुख्य समारोह में उद्घोषकों की नियुक्ति, बैठक व्यवस्था, पेयजल, मेडिकल टीम तैनातगी और ओआरएस सहित समस्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, सौन्दर्यकरण, सड़क सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों में भी गति लाई जाए। पूर्व संध्या पर होने वाले सांस्कृतिक समारोह से जुड़ी समस्त तैयारियों के बारे में जाना। इसके साथ ही प्रस्तावित ड्रोन शो के संबंध में चर्चा करते हुए इसे अंतिम रूप दिया गया। मुख्य समारोह से पूर्व पब्लिक पार्क स्थित शहीद स्मारक स्थल पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के कार्यक्रम को भी अंतिम रूप दिया गया। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने कहा कि मुख्य समारोह सहित सभी कार्यक्रमों में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जायेगी।

इस दौरान स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव देवाराम सैनी, नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलनीचामी, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

## एसकेआरएयू का स्थापना दिवस समारोह आज

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 40 वां स्थापना दिवस आज समारोहपूर्वक मनाया जायेगा।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे के मुख्य आतिथ्य में विश्वविद्यालय स्थित विद्या मंडप में प्रातः 9.30 से 12 बजे तक समारोह आयोजित होगा। कुलगुरू डॉ राजेन्द्र बाबू दुबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल होंगे। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ हनुमान सिंह राठौड़ संस्थापक कुलपति डॉ के. एन. नाग व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे।

कुलगुरू ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय की ओर से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की जायेगी। राज्यपाल विश्वविद्यालय में ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन भी करेंगे। विद्यार्थियों व किसानों के साथ संवाद आयोजित किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अनुसंधान, शोध, कृषि तकनीक से जुड़ी विभिन्न उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। प्रदर्शनी में आधुनिक कृषि तकनीक व विश्वविद्यालय द्वारा विकसित मूल्य संवर्धित उत्पादों का प्रदर्शन किया जायेगा।

## सार-समाचार

### होनहारों के लिए 401 गणित के फार्मूले ही फार्मूले-टू की पुस्तकें भेंट



रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने होनहारों के लिए 401 गणित के फार्मूले ही फार्मूले-टू की पुस्तकें भेंट की।

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया कि संगठन द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष जिला स्तर पर कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करके सम्मानित किया जाता है। शिक्षक संघ रेसटा शिक्षकों की वाजिब मांगों के साथ- साथ समय समय पर सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। संगठन के स्थापना दिवस 5 सितम्बर को 2019 से लगातार राज्य भर में 11 हजार पौधे लगा रहा है। इस क्रम में शिक्षक संघ रेसटा द्वारा शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) बीकानेर डॉ. रामगोपाल शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शैक्षिक प्रकोष्ठ लोकेश आत्रेय, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रशासन शिवशंकर चौधरी को संगठन की ओर से जिले भर के उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक सरकारी स्कूलों में आवश्यतानुसार 25 हजार रूपए की गणित के फार्मूले ही फार्मूले-टू की 401 पुस्तकें भेंट की। ये पुस्तक कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए वर्गमूल, वर्ग निकालने तथा घन और घनमूल निकालने के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। ये पुस्तक संगठन के जिला संरक्षक एवं सेवानिवृत व्याख्याता संजीव कुमार यादव ने संघ के प्रदेशाध्यक्ष सलावद की प्रेरणा से भेंट की है। डीईओ डॉ. शर्मा, एडीईओ आत्रेय एवं चौधरी ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक संघ रेसटा के द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकारों के ऐसे कार्यों से मेधावी विद्यार्थियों को राहत मिलती है और मानवता की मिसाल कायम होती है। जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी एवं जिला महामंत्री पवन शर्मा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के समान हैं। इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर विश्नोई, प्रदेश विधि सहलाकार अधिवक्ता हनुमान प्रसाद शर्मा, जिला संरक्षक संजीव कुमार यादव, जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी, जिला महामंत्री पवन शर्मा, जिला प्रवक्ता अविनाश आसिया, जिला संगठन मंत्री ओमशंकर मौर्य, कोलायत ब्लॉक अध्यक्ष रामदयाल धायल, हंदा ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष विश्नोई, निर्मल रतनू, सौरभ प्रजापत, अरूण कुमार सोलंकी आदि उपस्थित थे।

### पौधारोपण कर देखभाल करने का संकल्प दिलाया



मदर्स एल. एस. कर्मा फाउंडेशन ने रूणिया बड़ा बास स्थित श्मशान भूमि में पौधारोपण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। मदर्स एल.एस. कर्मा फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. सुमन चौधरी के नेतृत्व में ग्राम रुणिया बड़ा बास स्थित ब्राह्मण समाज की श्मशान भूमि में पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया तथा सभी की सहभागिता से उनका पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिकों, प्रबुद्धजनों एवं गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। इसी क्रम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, ग्राम रुणिया बड़ा बास में भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास तथा पौधों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। मदर्स एल.एस. कर्मा फाउंडेशन विगत कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं निःशुल्क कपड़े के थैलों के वितरण जैसे जनहितकारी कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य चंद्रकला चौधरी एवं ग्रामीण जन विद्यालय का स्टाफ एवं संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

### डाकघरों में मिलेंगे वाटरप्रूफ लिफाफे

**बीकानेर,** (कासं)। रक्षाबंधन पर डाक विभाग ने बीकानेर मंडल के सभी डाकघरों में विशेष वाटरप्रूफ लिफाफे और राखी बॉक्स उपलब्ध करवा दिए हैं। मानसून के मौसम में राखी को सुरक्षित पहुंचाने के लिए विभाग ने विशेष काउंटर और त्वरित वितरण की व्यवस्था की है। विभाग की ओर से छोटा वाटरप्रूफ लिफाफा 10 और बड़ा लिफाफा 15 में दिया जा रहा है। वहीं मिठाई, ड्राई फ्रूट्स या उपहार भेजने के लिए 30 में मजबूत राखी बॉक्स उपलब्ध है। बड़े लिफाफे में राखियों के साथ रोली, चावल और चॉकलेट भी भेजी जा सकती हैं। बीते सालों में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2024 में 1,675 और 2025 में 2,610 लिफाफे बिके थे। डाक अधीक्षक रामावतार सोनी ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रैक पैकेट सर्विस के तहत 30 से अधिक देशों में सस्ती दरों पर राखी भेजी जा सकेगी।

# 50 बीघा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने के प्रयास में चार गिरफ्तार

- **वारिसों की आपत्ति से खुला फर्जीवाड़ा, मृतक दानाराम के वारिसों ने आपत्ति दर्ज कराई कि उप पंजीयक कार्यालय में मौजूद व्यक्ति वास्तविक दानाराम नहीं है**
- **असली भूमि स्वामी की पहले ही मृत्यु हो चुकी है और उसकी जगह फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर रजिस्ट्री कराने का प्रयास किया जा रहा है**
- **तहसीलदार एवं उप पंजीयक हरीश कुमार टाक की रिपोर्ट पर खाजूवाला थाने में मुकदमा दर्ज**

**बीकानेर,** (कासं)। खाजूवाला में 50 बीघा कृषि भूमि की फर्जी रजिस्ट्री कराने के प्रयास के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों ने मृत भूमि स्वामी को जीवित बताकर उसकी जगह फर्जी व्यक्ति पेश किया था। वारिसों की आपत्ति के बाद मामला सामने आया। कोर्ट ने चारों आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। थानाधिकारी अशोक बिश्नोई ने बताया कि तहसीलदार एवं उप पंजीयक हरीश कुमार टाक की रिपोर्ट पर खाजूवाला थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी, प्रतिरूपण और आपराधिक षड्यंत्र सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर कोहर सिंह ने की। जांच में आरोप प्रमाणित होने पर पुलिस ने दानाराम भाट (सोनपालसर, सरदारशहर), राउराम भाट (वार्ड-4, खाजूवाला), अन्नाराम भाट (रामबास, छतरगढ़) और वेदप्रकाश बिश्नोई (13 केवाईडी, खाजूवाला) को गिरफ्तार किया। गुरूवार को चारों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सोमवार तक चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार 27 जुलाई को तहसीलदार हरीश कुमार टाक ने एफआईआर दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि चक 6 बीजीएम स्थित 50 बीघा बारानी कृषि भूमि के दो विक्रय विलेख पंजीकरण के लिए प्रस्तुत किए गए थे। दस्तावेजों में दानाराम पुत्र गिरधारीराम को विक्रेता और वेदप्रकाश को खरीददार दिखाया गया था। इसी दौरान दानाराम के वारिसों ने आपत्ति दर्ज कराई कि उप पंजीयक कार्यालय में मौजूद व्यक्ति वास्तविक दानाराम नहीं है। उन्होंने बताया कि असली भूमि स्वामी की पहले ही मृत्यु हो चुकी है और उसकी जगह फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर रजिस्ट्री कराने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धोखाधड़ी, कूटरचना, प्रतिरूपण, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र से जुड़ी धाराओं में मामला दर्ज किया है। अब पुलिस रिमांड के दौरान फर्जी दस्तावेज तैयार करने और पूरे षड्यंत्र में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच करेगी।

## 46 टन अवैध ग्रिट से भरा डंपर जब्त

**जसरासर,** (कासं)। पुलिस ने अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 46.330 टन अवैध ग्रिट से भरे एक डंपर को जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया।

थाना अधिकारी सीआई राकेश स्वामी ने बताया कि एसएच-20 बी पर नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध डंपर को रोका गया। जांच के दौरान ड्राइवर गंगासिंह राजपूत (30) निवासी रोडा से ई-रवाना, ई-टीपी और रॉयल्टी सहित खनिज परिवहन के वैध दस्तावेज मांगे तो वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। कांटे पर वजन कराने पर डंपर में 46.330 टन ग्रिट पाई गई। इसके बाद पुलिस ने वाहन को जब्त कर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन और खनिज परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# खाजूवाला में अवैध जिप्सम खनन पर कार्रवाई

- **खनिज विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो जेसीबी, एक डंपर और एक ट्रैक्टर जब्त किया**
- **खातेदारी भूमि पर बिना अनुमति जिप्सम का खनन किया जा रहा था**
- **मामले में खनिज विभाग ने 3.91 लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया**

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के खाजूवाला क्षेत्र में अवैध जिप्सम खनन के खिलाफ खनिज विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो जेसीबी, एक डंपर और एक ट्रैक्टर जब्त किया है। जांच में सामने आया कि खातेदारी भूमि पर बिना अनुमति जिप्सम का खनन किया जा रहा था। मामले में खनिज विभाग ने 3.91 लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया है।

खाजूवाला क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध खनन होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। खनिज अभियंता महेश प्रकाश पुरोहित ने बताया कि पूगल-दंतौर मुख्य सड़क पर अवैध जिप्सम खनन की सूचना मिलने पर खाजूवाला वृत्ताधिकारी, दंतौर थाना पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। संयुक्त टीम ने मौके से अवैध खनन में इस्तेमाल हो रही दो जेसीबी, एक डंपर और एक ट्रैक्टर जब्त किए।

जांच में पता चला कि खातेदारी भूमि में बिना अनुमति जिप्सम का खनन किया जा रहा था। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई भी की जा रही है। कार्रवाई के दौरान खाजूवाला वृत्ताधिकारी आकांक्षा चौधरी, दंतौर थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार बारूपाल, खनि कार्यदेशक अनिरूद्ध सिंह भाटी, खनिज अभियंता महेश प्रकाश पुरोहित और दंतौर पुलिस थाना का जाब्ता मौजूद रहा।

# गंगानगर में बारिश का येलो अलर्ट जारी

- **श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले के लिए 31 जुलाई से 3 अगस्त तक बारिश का येलो अलर्ट जारी**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मौसम विभाग ने श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले के लिए 31 जुलाई से 3 अगस्त तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अगले चार दिनों में कई जगह तेज बारिश होने की संभावना जताई गई है।

शुक्रवार सुबह से भी आसमान में बादलों की आवाजाही बनी हुई है। कभी काले बादल छा रहे हैं तो कभी धूप निकल रही है। वहीं उमस से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। बंगाल की खाड़ी में बनें डीप डिप्रेशन सिस्टम के असर से गुरूवार सुबह करीब 3 बजे श्रीगंगानगर में तेज बारिश हुई। आसमानी बिजली की चमक और गड़गड़ाहट के साथ करीब एक घंटे तक बारिश होती रही।

इस दौरान शहर में 51 एमएम बारिश दर्ज की गई। तेज बारिश के कारण शहर की कई सड़कें, गलियां और खेत पानी से भर गए। कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। हालांकि बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम राडार स्टेशन श्रीगंगानगर पर शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरूवार को अधिकतम 37 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बुधवार को न्यूनतम 29.1 डिग्री और अधिकतम 41.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

## पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास

**बीकानेर,** (कासं)। करमीसर में लग्जरी गाड़ी में सवार एक शख्स ने पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और नाकाबंदी तोड़कर भागा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

नयाशहर थाना पुलिस ने करमीसर फांटे पर नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान लग्जरी गाड़ी में सवार एक शख्स ने नाकाबंदी तोड़ दी और पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करते हुए भागने लगा। वहां लगे बैरिकेड्स भी तोड़ दिए। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। गाड़ी में सवार व्यक्ति महाराष्ट्र का रहने वाला तेजस सांवत था जो एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में इंजीनियर है। बीकानेर में उसकी कंपनी धीरेरा और लालगढ़ रेलवे स्टेशन के पास काम कर रही है। नयाशहर थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 9.3 किलो डोडा पोस्त छिलका सहित एक गिरफ्तार

- **मेडिकेटेड नशे और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान**

**चूनावढ़,** (कासं)। चूनावढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 09 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त छिलका बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालने तथा मेडिकेटेड नशे और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के सुपरविजन में थाना चूनावढ़ के थानाधिकारी सीआई संजय सिंह राठौड़ ने थाना स्टाफ के साथ गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए सतेन्द्र सिंह (40) पुत्र बख्तावर सिंह, निवासी वार्ड संख्या 9, घुदुवाला, थाना पदमपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना चूनावढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच मटीलीराठान थानाधिकारी मुकेश कुमार को सौंपी गई है। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम में सीआई संजय सिंह राठौड़, कांस्टेबल सीताराम, कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल नेकीराम तथा कांस्टेबल चालक रण सिंह शामिल रहे। पुलिस के अनुसार इस कार्रवाई में कांस्टेबल अमित कुमार एवं कांस्टेबल सीताराम की विशेष भूमिका रही।

**अवैध हथियार सहित दबोचा :** अनूपगढ़ में अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बांडा कॉलोनी की रोही में गश्त के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसएचओ करतार सिंह ने बताया कि बांडा कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई यशपाल सिंह अपनी टीम के साथ गांव बांडा कॉलोनी की रोही में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने आरोपी करमजीत सिंह को पकड़ा। करमजीत सिंह बठिंडा (पंजाब) के मेहता गांव का निवासी है और वर्तमान में अनूपगढ़ के प्रेमनगर में रहता है।

# निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति, संगठन को किया सक्रिय

**बीकानेर,** (कासं)। आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी बीकानेर (देहात) की बैठक शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) कार्यालय, सूरज टॉकीज़ के पास रानी बाजार बीकानेर में जिलाध्यक्ष बिशनाराम सियाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



बीकानेर देहात कांग्रेस कार्यालय में आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर हुई बैठक को देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिश्नाराम सियाग ने संबोधित किया।

बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी नगर निकाय चुनावों की रणनीति, संगठनात्मक तैयारियों, संभावित चुनावी कार्यक्रम तथा प्रचार-प्रसार की रूपरेखा पर विस्तृत मंथन किया गया। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने तथा चुनावी तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा चुनावी तैयारियों को लेकर विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। जिलाध्यक्ष बिशनाराम ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। जनता से किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रहने के साथ-साथ सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को भी कमजोर करने का काम कर रही है। पिछले लम्बे समय से निकाय व पंचायतीराज चुनावों को टाल रही है। सियाग ने आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर स्पष्ट किया है कि पार्टी ऐसे सक्रिय, समर्पित एवं जिताऊ कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देगी, जिन्होंने लम्बे समय से संगठन को मजबूत करने और जनहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

टिकट वितरण की प्रक्रिया में संबंधित वार्ड के कांग्रेसजनों एवं वार्डवासियों की राय और सहमति को विशेष महत्व दिया जायेगा ताकि योग्य, लोकप्रिय और जनता से जुड़े उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित हो सके। सियाग ने कहा कि संगठन के प्रति निष्ठा, जनसेवा और जनता का विश्वास ही उम्मीदवार चयन का प्रमुख आधार होगा। इस प्रक्रिया से संगठन और अधिक मजबूत होगा।

## अर्जुनराम मेघवाल 1 व 2 को बीकानेर में

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 1 एवं 2 अगस्त को बीकानेर जिले के दौरे पर रहेंगे। मेघवाल 1 अगस्त को प्रातः 4.05 बजे बीकानेर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। प्रातः 9.30 बजे से स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के 40 वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद वे विभिन्न कार्यक्रमों एवं बैठकों में शामिल होंगे तथा रात्रि विश्राम बीकानेर में करेंगे।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल 2 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे श्रीडूंगरगढ़ में आर.ओ.बी. एण्ड आर.यू.बी. का शिलान्यास व जी.एस.एस. का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 12.30 बजे सोनियासर शिवदानसिंह में पी.एस.सी. के लोकार्पण, दोपहर 2.30 बजे उपनी में जी.एस.एस. लिखमीसर उत्तरादा सड़क नवीनीकरण, उपनी से पुन्दलसर सड़क का शिलान्यास करेंगे।

# हरदयालपुरा में ग्रामीण सेवा शिविर के गेट पर लगाया ताला

- **जोहड़ पायतान भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। हरदयालपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन की भेंट चढ़ गया। ग्रामीणों ने शिविर स्थल के मुख्य गेट पर ताला जड़कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

यह विरोध जोहड़ पायतान की भूमि पर जारी किए गए पट्टों और गांव की गलियों में अतिक्रमण के मुद्दे को लेकर किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में सार्वजनिक उपयोग की जोहड़ पायतान भूमि पर कथित रूप से पट्टे जारी किए गए हैं। इस मामले पर लम्बे समय से आपत्तियां उठाई जा रही हैं, लेकिन अब तक न तो निष्पक्ष जांच हुई और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई।

गांव की कई गलियों पर भी अतिक्रमण होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्होंने कई बार प्रशासन के समक्ष अपनी शिकायतें रखी, लेकिन उनका समाधान नहीं हुआ।

उनका तर्क था कि ग्रामीण सेवा शिविर का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना है, लेकिन जब पुरानी शिकायतों पर ही कार्रवाई नहीं हो रही तो ऐसे शिविरों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। आक्रोशित ग्रामीणों ने शिविर स्थल पर नारेबाजी करते हुए मांग की है कि जोहड़ पायतान की भूमि पर जारी सभी पट्टों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।